दिन– बुधवार दिनांक–20 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाईनल में आज भारत और चीन के बीच होगा मुकाबला।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सक्षमता परीक्षा पास एक लाख उनतालीस हजार शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में आज नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

03. राज्य सरकार जिला स्तर पर महिला संवाद यात्रा निकालेगी। यात्रा के लिए दो सौ पच्चीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि आवंटित।

04. और, प्रदेश में सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए आज से शुरू हो रहा है विशेष अभियान।

---

राजगीर में आयोजित महिला हॉकी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में आज भारत का मुकाबला चीन से होगा। यह मैच शाम पौने पांच बजे से खेला जायेगा। इस मैच का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर देखा जा सकता है। भारत ने कल सेमीफाइनल में जापान को दो गोल से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पराजित टीम कोई गोल नहीं कर सकी। भारत के लिए, नवनीत कौर ने अड़तालीसवें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला, जबकि लालरेंसीअमि ने छप्पनवें मिनट में फील्ड प्ले से गोल किया। भारत ने अपने सभी ग्रुप स्टेज मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कल पहले सेमीफाइनल में चीन मलेशिया को तीन–एक से हराकर फाइनल में पहुंची। इस जीत के साथ, चीन ने छह मैचों में पांच जीत हासिल की, जबकि मलेशिया दो जीत और चार हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। वहीं, कल ही पांचवें और छठे स्थान के लिए खेले गये मुकाबले में कोरिया ने थाईलैंड को शून्य के मुकाबले तीन गोल से हरा दिया। कोरिया पांचवे स्थान पर जबकि थाईलैंड छठे स्थान पर रहा है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सक्षमता परीक्षा पास एक लाख चौदह हजार एक सौ अड़तीस शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में आज नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देंगे। वहीं, शेष शिक्षकों को प्रखंड और जिला स्तर पर नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। शिक्षा विभाग के अनुसार, पहली सक्षमता परीक्षा में एक लाख सत्तासी हजार शिक्षकों ने सफलता प्राप्त की है।

———————————————————————————

बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के बाद राज्य सरकार जिला स्तर पर महिला संवाद यात्रा निकालेगी। इस यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं से महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक जीवन में आए बदलाव का आकलन किया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट ने यात्रा के लिए दो सौ पच्चीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि आवंटित की है।

———————————————————————————

राज्य में अब पांच करोड़ रूपये तक के निवेश प्रस्ताव पर उद्योग विभाग के स्तर पर निर्णय लिया जायेगा। ऐसे प्रस्तावों पर विचार करने के लिए उद्योग विभाग के सचिव की अध्यक्षता में बैठक होगी। बिहार राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद की बैठक में इस पर सहमति बनी। कैबिनेट की मंजूरी के बाद नई व्यवस्था प्रभावी हो जायेगी।

———————————————————————————

प्रदेश में सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए आज से विशेष अभियान चलेगा। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि यह अभियान बारह दिसम्बर तक चलेगा। इसके तहत जनवितरण प्रणाली की सभी दुकानों, कॉमन सर्विस सेंटर और शहरी क्षेत्र में वार्ड कार्यालयों में शिविर लगाकर कार्ड बनाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————————

रेल यात्रियों की यात्रा सुगम बनाने के लिए इस महीने के अंत तक तीन सौ सत्तर से अधिक रेलगाड़ियों में लगभग एक हजार नए जनरल कोच जोड़े जाएंगे। रेलवे बोर्ड के सूचना प्रचार कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेलवे ने सभी महत्वपूर्ण रेलगाड़ियों में नए जनरल कोच बढ़ाने का फैसला किया है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सभी जिलाधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी किया है। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने इस संबंध में जारी पत्र में वायु प्रदूषण फैलाने वाली एजेंसियों के खिलाफ नियमानुसार जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने जिलाधिकारियों को वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर किये जा रहे कार्यों की रिपोर्ट बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को भेजने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————————

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने बिहार समेत सभी राज्यों को बाढ़ प्रबंधन की योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया है। नई दिल्ली में मंत्रालय की समीक्षा बैठक में बिहार से जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल शामिल हुये। बैठक में उन्होंने राज्य में बाढ़ प्रबंधन की योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने नेपाल से आने वाली नदियों से बाढ़ और कटाव की समस्या तथा नदियों में गाद जमा होने का मामला उठाया।

—————————————————————————

केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि देश के एक सौ बारह आकांक्षी जिलों में जमुई सोलहवें स्थान पर है। जमुई में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और आधारभूत संरचना जैसे कार्यों की प्रगति की समीक्षा के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री गुर्जर ने यह जानकारी दी।

—————————————————————————

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग हर घर नल का जल, निश्चय योजना के निरीक्षण के लिए आज से दो दिवसीय राज्यव्यापी अभियान चलायेगा। अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति योजना का सर्वेक्षण किया जायेगा।

—————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि राज्य में दो हजार नौ सौ उनहत्तर लैब टेक्नीशियन की बहाली होगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए बिहार तकनीकी सेवा आयोग को अधियाचना भेज दी गयी है।

—————————————————————————

उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए दानापुर में छब्बीस नवम्बर से एक दिसम्बर तक प्रादेशिक सेना में भर्ती के लिए रैली का आयोजन किया जायेगा। बिहार रेजीमेंटल सेंटर, दानापुर ने इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। पहले यह रैली आज और कल होने वाली थी।

—————————————————————————

पचपनवां भारत–अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, भव्य उद्घाटन समारोह के साथ आज गोवा में शुरू हो रहा है। यह इस महीने की अट्ठाईस तारीख तक चलेगा। गोवा के मुख्यमंत्री डॉक्टर प्रमोद सावंत ने कल डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम जाकर तैयारियों का जायजा लिया। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में उन्होंने कहा कि उद्घाटन समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

———बाइट———

आकाशवाणी समाचार से बातचीत में सूचना प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि इस वर्ष फिल्म महोत्सव में एक सौ देशों की चार सौ से भी अधिक फिल्में दिखाई जाएंगी।

———————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान मौसम के रूख में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के बहत्तर मामलों की पुष्टि हुई है। इनमें चौंतीस मामले पटना से हैं। वहीं, पटना में चिकनगुनिया के भी छह मरीजों की पुष्टि हुई है।

———————————————————————

बक्सर में आज से पंचकोसी परिक्रमा यात्रा की शुरूआत हो रही है। इस यात्रा का पौराणिक महत्व है। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

अध्यात्म और आस्था की नगरी के नाम से विख्यात बक्सर के सिद्धाश्रम में आज से पंचकोसी परिक्रमा यात्रा की शुरूआत हो रही है। मान्यता है कि त्रेता युग में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम और लक्ष्मण ने इस यात्रा की शुरूआत की थी। कहते हैं कि बक्सर क्षेत्र में आगमन के दौरान राक्षसी ताडका के वध के बाद स्त्री हत्या के पाप से मुक्त होने के लिये श्री राम ने यह यात्रा की थी। तब से यह यात्रा चली आ रही है। इस आयोजन में आस—पास के राज्यों से भी श्रद्धालु आते हैं। स्थानीय प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिये व्यापक प्रबंध किये हैं। पांच दिवसीय इस यात्रा का समापन चौबीस नवंबर को लिट्टी चोखा महोत्सव के साथ किला मैदान में होगा।

आकाशवाणी समाचार के लिए बक्सर से शशांक शेखर की रिपोर्ट के साथ मैं डॉक्टर सविता पारीक।

———————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय ने विशेष निगरानी इकाई और पुलिस महानिदेशक से संदेश के पूर्व विधायक अरूण यादव और उनकी पत्नी के खिलाफ मुकादमा दर्ज करने की सिफारिश की है। जांच एजेंसी ने इन दोनों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने को कहा है। गौरतलब है कि ईडी ने अरूण यादव के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें आय से अधिक सम्पत्ति का खुलासा हुआ था।

———————————————————————

राज्य में बालू, गिट्टी और मिट्टी के अवैध खनन के मामले में पचहत्तर जगहों पर छापेमारी की गयी। खान और भू—तत्व विभाग ने इस दौरान अठारह लाख चौंतीस

हजार रूपये की वसूली की है। साथ ही छापेमारी के दौरान तेरह वाहन भी जब्त किये गये।

————————————————————————————

सीवान के भगवानपुर जहरीली शराब कांड मामले में पुलिस ने शराब तस्कर शालू सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। शराब तस्कर से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

————————————————————————————

एसटीएफ की टीम ने मुंगेर जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र से कुख्यात नक्सली फागू नैया को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर मुंगेर, जमुई और लखीसराय थाना में कई मामले दर्ज हैं।

————————————————————————————

वैशाली जिले के बलिगांव थाना क्षेत्र के बस्ती चौक के पास अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक से हथियार के बल पर चार लाख रूपये से अधिक की राशि लूट ली।

————————————————————————————

पटना के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र से पुलिस ने पन्द्रह कार्टन शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत आलम टोला स्थित एक लॉज में पुलिस ने छापेमारी कर हथियार तस्कर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से इटली निर्मित एक ऑटोमेटिक पिस्तौल, दो मैगजीन और चार कारतूस बरामद किये गये हैं।

————————————————————————————

जहानाबाद की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में चार दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाईनल मुकाबले में भारतीय टीम के पहुंचने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– भारत फाईनल में, खिताबी मुकाबला आज।

दैनिक जागरण ने लिखा है– दिसम्बर से गांव–गांव में महिला संवाद करेंगे मुख्यमंत्री, खर्च होंगे दो सौ पच्चीस करोड़।

प्रभात खबर की सुर्खी है– पटना हाई कोर्ट ने शिक्षकों के ट्रांसफर पर लगायी रोक। सरकार बोली– अब नई नीति बनेगी।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– भाजपा महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप। विपक्षी विधायक ने होटल में घुस कर पकड़ा।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– दिल्ली में सांस लेना हुआ मुहाल, प्रदूषण का स्तर चार सौ अट्ठासी पर पहुंचा।

आज अखबार लिखता है– झारखंड में अड़तीस सीटों पर फैसला आज।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाईनल में आज भारत और चीन के बीच होगा मुकाबला।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सक्षमता परीक्षा पास एक लाख उनतालीस हजार शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में आज नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

03. राज्य सरकार जिला स्तर पर महिला संवाद यात्रा निकालेगी। यात्रा के लिए दो सौ पच्चीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि आवंटित।

04. और, प्रदेश में सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए आज से शुरू हो रहा है विशेष अभियान।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।